# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Friday, 25 September 2026**


## यूपी मे ंआज से तेज होगी बारिश, तापमान मे ं7 डिग्री तक गिरावट, 55+ जिलों मे ंअलर्ट जारी।

Publisher Published on 16 Jun 2025



## राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों मे ंगरज-चमक के साथ तेज बारिश की चेतावनी, बिजली गिरने और तेज हवाओं से सतर्क रहने की अपील।

**लू से राहत, झमाझम बारिश की होगी शुरुआत।**

उत्तर प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। रविवार को हल्की बारिश के बाद आज से राज्य के कई हिस्सों में **झमाझम बारिश** शुरू होने जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, **18 से 21 जून** के बीच प्रदेशभर में तेज ह**वाओं, मेघगर्जन** और **बिजली गिरने** की घटनाएं होंगी। इससे लोगों को गर्मी और लू से राहत मिलेगी और **तापमान मे ं5 से 7 डिग्री सेल्सियस** तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी हवाएं**

**आईएमडी (IMD)** की चेतावनी के मुताबिक, कई जिलों में **40-50 किमी प्रति घंटे** की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही, कई जगहों पर बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने इन हालातों को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**किन जिलों मे ंभारी बारिश और अलर्ट ?**

**भारी बारिश और मेघगर्जन के साथ अलर्ट वाले जिले :**

**पश्चिमी यूपी :** सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बिजनौर, हापुड़, नोएडा

**बुंदेलखंड और मध्य यूपी**: झांसी, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर, जालौन, इटावा, औरैया, कानपुर
**पूर्वी यूपी :** प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर आदि

**हल्की से मध्यम बारिश की संभावना वाले जिले :**

लखनऊ, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, मथुरा, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, अमेठी, सुल्तानपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, बलिया, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर आदि।

**24 घंटे मे बिजली गिरने से 23 की मौत**

पिछले 24 घंटों में **आंधी-बारिश** और **बिजली गिरने की घटनाओं मे 23 लोगों** की मौत हो गई है। **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने और **जिला प्रशासन** को राहत कार्यों के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी आपदा की स्थिति में तत्परता से कार्रवाई करें।

**अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम ?**

१. **18 जून : पूरे प्रदेश मे बारिश तेज होगी**

२. **19-20 जून : अधिकतर जिलों मे भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना**

३. **21 जून तक : बारिश का यह सिलसिला जारी रहेगा, तापमान मे स्थाई गिरावट आएगी।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.